दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### उमाचरण सिदार को कार्य पर उपस्थित होने सूचना जारी

**रायगढ़।** सहायक संचालक उद्यान, रायगढ़ ने शासकीय उद्यान रोपणी खरसिया के माली उमाचरण सिदार को शीघ्र ही अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु सूचना जारी किया है। उन्होंने कहा कि उक्त सूचना पत्र के बाद भी अगर सिदार अपने शासकीय कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो यह मान लिया जायेगा कि वे शासकीय कार्य करने के इच्छुक नहीं है। तत्पश्चात उनकी सेवा समाप्ति करने की नियमानुसार कार्यवाही संचालनालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सहायक संचालक उद्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि माली उमाचरण सिदार विगत 21 जनवरी 2023 से बिना आवेदन पत्र दिए अपने कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित है। कार्य पर उपस्थित होने हेतु उन्हें कई बार लेख किया गया है। उसके बावजूद भी वे आज पर्यन्त तक उपस्थित नहीं हुए है। यहां तक के उनके गृहग्राम भी जाकर उन्हें पत्र सौंपा गया लेकिन उनके द्वारा अनदेखा कर निर्देशों की अवहेलना करते हुए ना तो अपने कार्य पर उपस्थित हुए और न ही कार्यालय के पत्रों का प्रतिउत्तर दिया गया है।

### असामायिक मृत्यु के तीन प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत तीन लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर की आस्था कश्यप 27 फरवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता संजय कुमार कश्यप को 4 लाख रुपये, ग्राम-औरदा तहसील पुसौर के उदयनाथ पाव की 9 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता श्याम कुमार पाव को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-एकताल के उद्धव मिरधा की 21 फरवरी 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त 2023 तक प्रस्तुत किया जायेगा इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in पर किया जा सकता है। बाल पुरस्कार हेतु सामाजिक विज्ञान खेल, साहसी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार 26 दिसम्बर वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति के द्वारा दिया जाना है पुरस्कार हेतु 6 वर्ष से अधिक एवं 8 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाएं आवेदन कर सकते है। आवेदन से संबधित अन्य जानकारी हेतु जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

### नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** शिक्षा सत्र 2023-24 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए आनलाइन पंजीकरण की तिथि 25 अगस्त तक बढ़ाई गई है। पूर्व में यह तिथि 17 अगस्त 2023 निर्धारित की गई थी जिसे जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा बढ़ाकर 25 अगस्त 2023 की गई है। आनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा सकती है।

# निर्वाचन को लेकर झारसुगुड़ा में हुई अंतर्राज्यीय उच्च स्तरीय बैठक

- छत्तीसगढ़ और ओडिसा के 5 सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर-एसपी हुए शामिल
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार हुए सम्मिलित
- सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष से जुड़ेंगे ये जिले, सीमा पर चौकसी व सुरक्षा को लेकर समन्वय से होगा कार्य



**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर आज छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के पांच सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर व एसपी की कानून व्यवस्था और निर्वाचन के संचालन को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक झारसुगुड़ा कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में रायगढ़ के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। बैठक में रायगढ़ के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़ और सुंदरगढ़ जिले के कलेक्टर एसपी शामिल हुए।

सीमावर्ती इन जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। जिससे सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अंतरर्राज्यीय सीमा से पैसों तथा शराब के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ और ओडिसा राज्य के सीमावर्ती थाने मे वायरलेस सेट ऑपरेटर के मध्य सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सीमावर्ती जिलों का आपसी सहयोग व समन्वय बेहद अहम है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने उड़ीसा सीमा से लगे मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखी। सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सहमति जताते हुए चेकपोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक के दौरान सीमा जांच बिन्दुओं तथा सीलिंग प्वाईंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत् संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी।

बैठक में सारंगढ़-बिलाईगढ़ की कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, झारसुगुड़ा की कलेक्टर अबोली सुनील नरवणे व पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तम दास, बरगढ़ कलेक्टर मोनिषा बनर्जी व पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सहाय मीणा, सुंदरगढ़ कलेक्टर डॉ.गवाली पराग हरसद व पुलिस अधीक्षक प्रत्युष दिवाकर शामिल हुए।

## ई-रिक्शा पलटने से स्वामी आत्मानंद स्कूल के 8 बच्चे हुए घायल

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के अंडा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक स्कूली ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से वाहन में सवार 8 बच्चे घायल हो गए। सभी बच्चों को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों ने बताया कि ई-रिक्शा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निकुम के 8 बच्चे सवार थे, ऑटो पलटने से सभी बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहंदीपार निकुम में पढऩे वाले बच्चे रोज की तरह ई-रिक्शा में सवार होकर स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान अचानक रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान राहगीरों ने बच्चों को ऑटो से बाहर निकाला और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कक्षा छठवीं की निधि देशमुख का हाथ फैक्चर हो गया है, हर्षित का पैर फैक्चर हो गया है वहीं अन्य तीन बच्चों को छोटे आई है बाकी चार बच्चे को मामूली छोटी आई है जिसका समय पर इलाज होने से बच्चों को राहत मिली

**घायल स्कूली बच्चों को देखने जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचे मंत्री ताम्रध्वज साहू-** मंत्री ताम्रध्वज साहू जिला अस्पताल पहुंचकर बच्चों से मिले, वहीं चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए वह पीड़ित परिजनों से बात किया फिलहाल बच्चे अस्पताल में एडमिट है वही उनका इलाज चल रहा है।मौके पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव,जिला पंचायत सद्स्य माया बेलचंदन ,संकुल समन्वयक निकुम संजय चंद्राकर, बीईओ गोविंद साव, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी दुर्ग जेपी मेश्राम, जीवनदीप समिति सदस्य दुष्यंत देवांगन, प्राचार्य निकुम एके पांडे स्कूल स्टाफ सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हालचाल जाना।

## कोतवाली पुलिस ने युवती से छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** 21 अगस्त के शाम थाना कोतवाली में स्थानीय युवती उसके मोहल्ले के सोमेस दास महंत द्वारा छेड़खानी करने और उसके परिवार के लोगों को मारने पीटने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज करायी, युवती के आवेदन पर धारा 354, 354(ख), 506 भादवि के तहत अपराध कायम किया गया।

पीड़ित युवती बताई कि मोहल्ले का होने के कारण कभी-कभी सोमेस से बातचीत करती थी, करीब एक सप्ताह से सोमेस कहीं भी आते जाते समय उल्टे-सीधे कमेंट कर परेशान कर रहा था। दिनांक 18-08-2023 के रात्रि करीब 09:30 बजे नटवर स्कूल के पास एक दुकान पर थी, वहां दुकान पर आकर सोमेस दास महंत ने बेज्जती करने की नियत से हाथ पकड़कर खीचने लगा। उसी समय जीजा आकर बीच बचाव किये तो उन्हें भी मारने की धमकी दिया और रात को घर आकर घरवालों को मारने पीटने, नुकसान पहुंचाने की धमकी दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर तत्काल कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी सोमेस दास महंत पिता शोभादास महंत 23 साल थाना कोतवाली की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



## कोतवाली पुलिस के हाथ आया शातिर साइकिल चोर, चोरी की 27 साइकिलें बरामद : पहले भी साइकिल चोरी में जा चुका है जेल

- सुभाष चौक के पास चोरी की साइकिल बेचने ग्राहक तलाश रहा था आरोपी



**रायगढ़।** वाहन चोरी में अंकुश लगाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस पूर्व में मोटर सायकल चोरी और संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपियों पर मुखबीर लगाकर निगाह रखे हुए हैं। इसी क्रम में 20 अगस्त के दोपहर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष चौक के पास एक व्यक्ति नई रेंजर साइकिल को सस्ते दाम पर बेचने कुछ लोगों से चर्चा कर रहा है, मुखबीर ने व्यक्ति के पास रखी हुई साइकिल चोरी की होने की आशंका जताया। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा मौके पर थाने से स्टाफ रवाना किया गया। मौके पर कोतवाली स्टाफ को पूर्व में चोरी साइकिल चोरी में चालान हुआ आरोपी नकुल साहू एक नई रेंजर साइकिल के साथ मिला जिसे हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने अपने पास रखे नई रेंजर साइकिल को चोरी का होना और अन्य चोरी की 26 नग साइकिलों को अपने गांव औरदा पुसौर में छिपाकर रखना बताया जिसे पुलिस आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया है। आरोपी ने चोरी 27 साइकिलों को रायगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों से चोरी कर घर में छिपा रखना बताया है। आरोपी से बरामद सायकलों में 3 सायकलों पर पूर्व से अपराध कायम होने से अपराध में बरामदगी शुमार किया गया। शेष 24 सायकलों के संबंध में आरोपी नकुल साहू पिता गोपीनाथ साहू उम्र 50 साल निवासी सराईभदर वार्ड क्रमांक 34 थाना जूटमिल जिला रायगढ़ मूल निवास ग्राम औरदा थाना पुसौर जिला रायगढ़ पर धारा 413 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी नकूल पूर्व में भी सायकल चोरी के अपराध में जेल जा चुका है।

एससपी संदानंद कुमार के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर शातिर सायकल चोर की गिरफ्तारी एवं चोरी गये सायकलों की बरामदगी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया, आरक्षक जगमोहन लाल ओगे, उत्तम सारथी, संदीप मिश्रा और मनोज पटनायक की अहम भूमिका रही है।

## जल संरक्षण के दिशा में विभागों का कार्य सराहनीय- निदेशक रंजीता रश्मि

- जिले में जल संरक्षण के कार्यो की अद्यतन प्रगति की ली समीक्षा
- दिल्ली से पहुंची जल शक्ति अभियान की निदेशक रंजीता रश्मि



**रायगढ़।** जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए दिल्ली से जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी रंजीता रश्मि रायगढ़ पहुंची। यहां उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कैच द रेन कार्यक्रम के तहत जिले में हुए कार्यों के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे विभिन्न विभागों के कार्यो व नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निदेशक रंजीता रश्मि ने सभी विभागों के जल संरक्षण एवं जल स्त्रोत संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में बेहतर कार्य हो रहे है। उन्होंने पीएचईओ को जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भौगोलिक स्थिति के अनुसार जल स्त्रोतों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। प्राकृतिक जल संवर्धन के माध्यम से भू-जलस्तर सुधारने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नदी, नालों के साथ ही अमृत सरोवर, उद्योगों के सहयोग से तालाबों पर कार्य किया गया है। जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संचय किया जा सका। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नदी तट में भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों ने जल संचय एवं जल स्त्रोत संरक्षण के लिए किए जा रहे विभागीय कार्यों की जानकारी दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में अमृत सरोवर पर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उनमें पीचिंग एवं निर्देशानुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश की रक्षा से जुड़े जवानों, केन्द्रीय अद्धसैनिक बल एवं राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवान जिन्होंने अपनी प्राणों की आहूति दी है। उनका नाम अंकित करने हेतु शीलापलकम (शिला पट्टिका)लगाने का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। इसी प्रकार अमृत वाटिका के माध्यम से वृक्षारोपण भी किया जा रहा है।

नरेगा के माध्यम से रोजगार मूलक कार्यों के साथ ही जल संरक्षण हेतु विभिन्न कार्य किए जा रहे है। इसी प्रकार केलो परियोजना के अधिकारी ने बताया कि केलो डेम के माध्यम से सिंचाई के साथ ही वाटर रिचार्ज का कार्य हो रहा है। वहीं नहरों के माध्यम से तालाबों को भी जल प्रदाय किया जा रहा है। वन विभाग ने बताया कि विभाग द्वारा नरवा उपचार, चेक डेम, गेबियन, कंटूर ट्रेंच, बोल्डर चेक डेम जैसी विभिन्न संरचनाएं बनायी जा रही है। जिससे भूजल स्तर में सुधार के साथ ही वन्य जीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के अधिकारी ने भी अपनी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के किसानों द्वारा सबसे अधिक धान की खेती किया जाता है, जिसमें सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। उन्हें कम पानी वाले फसलों को लेने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, ज्वाईंट कलेक्टर धनीराम रात्रे, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर, सीजीएम डीआईसी एस.के.राठौर, पीईएचई परीक्षित चौधरी, ईई जल संसाधन विभाग गुप्ता, ईई केलो परियोजना पी.आर.फुलेकर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने की छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का पुरस्कार वितरण



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तर में हो रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने विजेता खिलाड़ियों, आयोजकों, राजीव युवा मितान क्लब के प्रभारी सदस्यों, जोन प्रभारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं व्यवस्था से जुड़े फार्मासिस्ट एवं अन्य अधिकारियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के सदस्य पुरषोत्तम साहू, जिला पंचायत रायगढ़ की सभापति अनिका विनोद भारद्वाज, नगरपालिका सारंगढ़ की अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, जनपद पंचायत की अध्यक्ष मंजू मालाकार, गोल्डी नायक, विष्णु चन्द्रा, राजीव युवा मितान क्लब के प्रभारी महेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

## कृषि, कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

- प्रतापपुर, शंकरगढ़ और पखांजूर के नवीन कृषि महाविद्यालयों में भी प्रवेश दिया जाएगा
- इच्छुक अभ्यर्थी 3 सितंबर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे, 11 सितंबर से शुरू होगी काउंसलिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 39 शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) एवं बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी) स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी काऊंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिनांक 20 अगस्त से 03 सितम्बर, 2023 तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष तीन नवीन कृषि महाविद्यालयों प्रतापपुर (सूरजपुर), शंकरगढ़ (बलरामपुर) एवं पखांजूर (कांकेर) की 24-24 सीटों पर भी प्रवेश दिया जाएगा। काऊंसलिंग में शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग लेने हेतु 20 अगस्त से 03 सितम्बर, 2023 के मध्य ऑनलाइन पंजीयन करना एंव दस्तावेज अपलोड करना होगा। 04 से 05 सितंबर तक ऐसे अभ्यर्थी पुन: आवेदन कर सकते हैं जिनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान असफल लेनदेन हुई हो। 11 दिसंबर, 2023 को पी.ए.टी.-2023 की प्रावीण्य सूची के आधार पर अभ्यर्थियो को प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन किया जायेगा। अभ्यर्थियों को 12 से 15 सितम्बर, 2023 के मध्य दस्तावेज परीक्षण हेतु कृषि महाविद्यालय, रायपुर में उपस्थित होना होगा। आबंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने हेतु अभ्यर्थियों को 12 से 16 सितम्बर के मध्य ऑनलाइन फीस जमा करना अनिवार्य होगा।

## माइनिंग विभाग में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने असिस्टेंट ज्योलॉजिस्ट और माइनिंग अफसरर पर चयनित अभ्यर्थियों का पोस्टिंग आर्डर जारी कर दिया है। सहायक भौमिकविद यानि असिस्टेंट ज्योलॉजिस्ट पद के लिए 10 और माइनिंग अफसर के लिए 8 अभ्यर्थियों का पोस्टिंग आदेश जारी किया गया है। इन दोनों पदों केलिए सीजीपीएससी की तरफ से परीक्षा ली गयी थी। पीएससी की तरफ से चयनित अभ्यर्थियों को अब राज्य सरकार ने नियुक्ति दे दी है। सभी की नियुक्ति तीन साल की परीविक्षा अविधि के पूर्ण निर्देश के अनुरूप किया गया है।

## स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जोबी कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया मतदान हेतु प्रेरित

**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के एनएसएस विद्यार्थियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर क्षेत्रवासियों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किए।




रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्थानीय क्षेत्रवासियों को मतदान के महत्व को समझाया और उन्हें यह संदेश दिया कि वोट देना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह देश के भविष्य को निर्धारित करने का माध्यम भी है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में उन्होंने बैनर पोस्टर के माध्यम से स्थानीय लोगों को वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके खुद के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के विकास के लिए भी होता है। उन्होंने आपसी बातचीत के माध्यम से क्षेत्र में घूमकर लोगों को प्रत्येक वोट के महत्व को समझाते हुए ईवीएम मशीन की उपयोगिता बतायी।

रैली में बीएससी अंतिम वर्ष से कु.मनीषा देवांगन, कु.उमेश्वरी राठिया, कु.मधु महंत, कु.किरण राठिया, बीए अंतिम वर्ष से कु.सुरेश्वरी साहू, कु.सुषमा यादव और कु.तुलेश्वरी गबेल, बीएससी द्वितीय वर्ष से कु. नेहा राठिया एवं बीएससी प्रथम वर्ष से कु. जया देवी डनसेना व बीए प्रथम वर्ष से कु.अंकिता देवांगन का योगदान उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार सहायक प्राध्यापक व एनएसएस नोडल अधिकारी सुरेंद्र पाल दर्शन के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल, योगेंद्र कुमार राठिया एवं डॉ ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता राम नारायण जांगड़े, रितेश राठौर एवं राहुल राठौर सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480